हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 8 सितंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

12 दो दिवसीय विभाग स्तरीय एथलेटिक्स एवं खो-खो प्रतियोगिता...



12 भारत को समझना है तो ग्राम का भ्रमण करें...



# कार्रवाई के बावजूद सड़क एवं चौक-चौराहों में नजर आ रहे मवेशी

**नियंत्रण व सुरक्षित आश्रय को लेकर न तो प्रशासन गंभीर है और न ही जिम्मेदार जनप्रतिनिधि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर में सैकड़ों घुमंतू मवेशी हैं, लेकिन इनके नियंत्रण व सुरक्षित आश्रय को लेकर न तो प्रशासन गंभीर है और न ही जिम्मेदार जनप्रतिनिधि। नगर निगम के पास मात्र एक कांजी हाउस है, वहीं नए गौठान खोलने के साथ नई सरकार की गौधाम योजना फिलहाल कागजों पर ही चल रही है। हालांकि जिले के सभी विकासखंड में पशु मालिकों पर 49150 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसके अतिरिक्त सड़क पर घूमने वाले कुल 1923 पशुओं को राष्ट्रीय राजमार्ग से हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखा गया है, 810 पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाये गए है तथा 313 घुमंतू पशुओं में टैगिंग की गई है। फिर भी से अधिकतर मवेशी अब भी सड़कों पर घूम रहे हैं।

### गांवों के गौठानों का विकल्प

पूर्ववर्ती प्रदेश सरकार की योजना के तहत शहरों के साथ प्रत्येक गांव में गौठान बनाए गए हैं। यहां मवेशियों के सुरक्षित आश्रय के लिए जरूरी सभी अधोसंरचनाएं मौजूद हैं। यहां विकल्प के रूप में शहर के मवेशी रखे जा सकते हैं।



### गौधाम योजना का पता नहीं

प्रदेश की नई सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की तरह गौठान की जगह मवेशियों के सुरक्षित आश्रय के लिए गौधाम योजना लागू करने का फैसला किया है, लेकिन यह योजना अभी धरातल पर नहीं उतर पाई है। इसके क्रियान्वयन में समय लग सकता है।

सड़कों पर घुमंतू मवेशियों के कारण दुर्घटनाओं की शिकायतें रहती है। खास कर शहरी क्षेत्रों में घरों में रखने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने अथवा अनुपयोगी होने पर पशुपालक मवेशियों को खुले में लावारिस छोड़ देते हैं। जिससे ये मवेशी सड़कों पर घूमते रहते हैं। इससे सड़क दुर्घटना होती है और पशुओं के साथ जनहानि का भी खतरा रहता है। खासकर इन दिनों बारिश में सड़कों पर घुमंतू मवेशियों का जमघट लग जाता है। इससे हादसे का खतरा भी बढ़ जाता है। इसे देखते हुए ऐसे मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित आश्रय में रखने का प्रावधान किया गया है, लेकिन इस पर शहर में गंभीरता से अमल नहीं हो रहा है। घुमंतू मवेशियों की ज्यादा संख्या और इन पर नियंत्रण की आवश्यकता को देखते हुए अस्थायी गौठान बनाकर काम चलाया जा सकता है लेकिन निगम प्रशासन इस विकल्प पर ध्यान नहीं दे रहा है। इससे काफी हद तक राहत मिल सकती है। वहीं शहर से गांव की ओर घुमंतू मवेशी इन दिनों भारी मात्रा में पहुंच रहे हैं जो फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं जिससे गांव के किसानों की चिंता एवं समस्या बनी हुई है।

## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति के घायल होने के मामले में सिटी कोतवाली आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को टिकेश्वर साहू ने बताया कि 8 अगस्त को वह अपने काम में एचडीएफसी बैंक महासमुंद आया था और बैंक के काम से अपनी बाईक से ग्राम परसदा जा रहा था, सुबह करीब 10 से 10.30 बजे के मध्य खट्टी से परसदा जाने वाले रोड तालाब के पास सामने से आ रही मोटर सायकल क्र. सीजी 06 जीआर 0757 के चालक ने टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिसके चलते उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया। इलाज कराने के बाद प्रार्थी ने 6 सितंबर को कोतवाली में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिस पर 184 मो. व्ही. एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### पिकअप की टक्कर से बुजुर्ग घायल

**महासमुंद।** पिकअप की टक्कर से एक बुजुर्ग के घायल होने के मामले में कोमाखान थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम अमेरा निवासी चमारराय और नरसिंग निषाद सुपर एक्सल क्रमांक सीजी 04 एमएक्स 4894 से अमेरा से लमकेनी जाने के लिए निकले थे। कोमाखान चौखड़ी ग्राम बंसुलाडबरी रोड पर पहुंचे थे, तभी बंसुलाडबरी की ओर से आ रही पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 06 जीवाय 6345 के चालक ने अपने वाहन को तेज और लापरवाहीपूर्वक चलाकर सुपर एक्सल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे चमारराय के दोनों पैरों में चोटें आई। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### शराब की अवैध बिक्री, तीन के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** खल्लारी पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि 3 व्यक्ति नवाडीह सिड़गिड़ी जंगल में अवैध रूप से देशी प्लेन शराब रखकर बिक्री कर रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीन लोगों को पकड़ा, जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम शेख अलाउद्दीन उर्फ गुड्डा खान पिता शेख बिसरूद्दीन (49 वर्ष), शेख अजीमुद्दीन पिता शेख अलाउद्दीन(24 वर्ष) उमेश कुमार निषाद पिता त्रेतानाथ निषाद (27 वर्ष) सभी निवासी पचेड़ा होना बताए। पुलिस ने आरोपियों के संयुक्त कब्जे से 80 पौवा देशी प्लेन मदिरा, कीमत 6400 रुपए, नगद रकम 1000 रुपए व 3 नग मोबाईल कीमत करीबन 30000 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**महासमुंद।** अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत के मामले में बागबाहरा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि खोपली निवासी विश्वनाथ विश्वकर्मा 6 सितंबर को सुबह करीब 4 बजे नित्यकर्म (शौच) हेतु अपने घर से बाहर निकला था। इसी दौरान घर के पास एनएच 353 रोड में किसी अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे विश्वनाथ को गंभीर चोटें आई। जिसे डायल 112 वाहन से सीएचसी बागबाहरा इलाज हेतु लाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा चेक कर मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

**उठ रहे सवाल:** नागरिकों ने छापा मारकर 4 संदिग्ध महिलाएं पुलिस को सौंपी

# पुलिस का दावा: तुमगांव में न शराब का अवैध कारोबार, न होता देह व्यापार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- एसपी बोले: मामले में पूछताछ जारी, तथ्य उजागर हुए तो होगी पीटा एक्ट के तहत कार्रवाई
- 4 साल पहले भी उक्त महिला दलाल के घर से पकड़ी गई थी 4 अन्य स्थानों की महिलाएं

तुमगांव में जारी अवैध व्यापार के खिलाफ आवाज उठाने वाले नपं अध्यक्ष को ही कथित झूठे आरोपों में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सप्ताह भर से जारी घटनाक्रम के बाद रविवार को नागरिकों ने पुलिस के उस दावे की भी कलई खोल कर रख दी जिसमें कहा गया था कि अवैध शराब बिक्री और देह व्यापार पर पुलिस का पूरा नियंत्रण है और अब यह अवैध कार्य यहां नहीं होते।

रविवार को नागरिकों ने एक मकान में संचालित अवैध गतिविधियों पर धरपकड़ की कार्रवाई की और पुलिस को सौंपा। अनिता नामक महिला के मकान से रायपुर, धमतरी, अंबिकापुर और मुंबई की महिलाओं को पकड़ा जिनकी उम्र 25 से 48 वर्ष के बीच है और देह व्यापार के संदेह में पुलिस के हवाले कर दिया। इस दौरान इलाके में काफी भीड़ जमा हो गई और माहौल तनावपूर्ण रहा। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय स्वयं तुमगांव थाना पहुंची और महिलाओं से पूछताछ की।



### इसी मकान को क्यों ठिकाना बनाती हैं बाहरी महिलाएं?

सूत्र बताते हैं कि यह मकान अनिता ढीढी का है, जिस पर पहले भी देह व्यापार में संलिप्तता के आरोप लग चुके हैं और जिसे पुलिस पहले भी गिरफ्तार भी किया जा चुका है। स्थानीय लोगों के सवाल हैं कि अलग-अलग जिलों और शहरों से महिलाएं बार-बार इसी मकान में क्यों पहुंचती हैं।

### 4 साल पहले भी पकड़ी गई थी 4 महिलाएं

उल्लेखनीय है कि 4 साल पहले एक पार्षद की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की थी। पुलिस ने देह व्यापार चलाने वाली महिला दलाल के साथ चार अन्य महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। तात्कालीन थाना प्रभारी शरद ताम्रकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ओवरब्रिज के नीचे एक मकान में देह व्यापार का धंधा चलाने वाली स्थानीय निवासी महिला दलाल अनिता के साथ आमानाका रायपुर निवासी मीना तिवारी, 24 परगना कलकत्ता निवासी काकुली दास, आशा कुइला एवं तिल्दा नेवरा जिला रायपुर निवासी कुसुम सोना (42) को जेल भेजा गया था।

### तथ्य सामने आए तो पीटा एक्ट की कार्रवाई होगी : एएसपी

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय कहा है कि तुमगांव के नागरिकों ने कुछ महिलाओं को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया है। अनैतिक कार्य में संलिप्तता के आरोपों के संबंध में महिलाओं से पूछताछ की जा रही है। देह व्यापार के तथ्य सामने आने पर पीटा एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।



नागरिकों की मानें तो यह वही मकान है, जहां कुछ समय पहले नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू पर छेड़छाड़ किए जाने के आरोप में जुर्म दर्ज किया गया था। अब उसी मकान में देह व्यापार जैसी संदिग्ध गतिविधियों के उजागर होने से चर्चा का बाजार गर्म हो गया है। नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष की पत्नी राधा साहू ने बताया कि एन एच 53 के किनारे काफी समय से अनैतिक कार्य संचालित है। इसी कड़ी मे सूचना मिली कि यहां कुछ महिलाएं आई हैं। जिसके बाद उसके बाद पार्षद और अन्य नागरिकों के साथ वहां पहुंचने पर 4 महिलाएं मिली।

# हिरण का शिकार करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

- वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9, 50, 34, 44 और 51 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में किया पेश

हिरण का अवैध शिकार करने वाले पांच आरोपियों को वन विभाग की टीम ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर ग्राम गिरना और छिंदौली में एक साथ दबिश दी गई, जिसमें तीन अलग-अलग स्थानों से आरोपियों को पकड़ा गया।

वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9, 50, 34, 44 और 51 के तहत अपराध क्रमांक 20657/12 दिनांक 06 सितंबर 2025 दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय प्रथम श्रेणी पिथौरा में पेश किया गया। आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से चीतल का शिकार कर उसका मांस काटकर आपस में बांट लिया था। तलाशी के दौरान आरोपी भोला खड़िया के घर से हिरण का ताजा मांस, रक्त से सनी चटाई सहित घटनास्थल से करीब 6.500 किलो मांस, 5.250 किलो जीआई तार और बांस की खूंटी बरामद की गई।

आरोपियों द्वारा घटनास्थल से कुछ दूरी पर स्थित विद्युत खंभे से लंबा जीआई तार खींचकर उसमें करंट प्रवाहित किया गया था। जिसकी चपेट में आने से मादा चीतल की मौत हो गई, इस तरह अवैध शिकार की घटना को अंजाम दिया गया। मृत चीतल को आरोपियों द्वारा आपस में बांटा लिया गया। बताते हैं कि कुछ आरोपी इसके पूर्व भी क्षेत्र में हुए अवैध शिकार में संलिप्त थे।

वन मंडलाधिकारी महासमुंद मयंक पांडेय के निर्देश पर संयुक्त वन मंडलाधिकारी पिथौरा यूआर बसंत ने सर्च वारंट जारी किया था। कार्रवाई परिक्षेत्र अधिकारी सालिकराम डड़सेना के नेतृत्व में की गई, जिसमें डिप्टी रेंजर छबिराम साहू, ललित पटेल, राजकुमार साहू सहित कई वनकर्मी शामिल रहे। न्यायालय ने वन विभाग के अनुरोध पर आरोपियों को 09 सितंबर 2025 तक पुलिस रिमांड पर भेजने की अनुमति दी है।

### ये आरोपी हुए गिरफ्तार

रामजी निषाद, बिसाहू यादव , सोनसाय निषाद, चन्दू ठाकुर, ग्राम छिंदौली एवं भगवान सिंह पटेल ग्राम गिरना।

### गढ़फुलझर में मेला एवं संत समागम 1 को, हुई तैयारी बैठक

**बसना।** संत गुरु घासीदास सेवा संस्थान गढ़फुलझर के गढ़ परिसर में मेला एवं संत समागम का आयोजन आगामी 1 दिसंबर को आयोजित करने के विषय में निराला कांप्लेक्स में सभा का आयोजन रखा गया। जिसमें कार्यक्रम के लिए प्रस्ताव रखा गया। इस बैठक में उपस्थित साधु-संत, समाज प्रमुख एवं पदाधिकारी, अधिकारी, समाज सेवी पीएल कोसरिया, राजमहंत दौलत रात्रे, लखन कुर्रे, खोलबहरा निराला, पुनीतराम खूंटे, रामप्रसाद ओगरे, संत लाभों, ऋतु संत, अभय घृतलहरे, गोपाल सत्यवंची, रोशन भास्कर, मोतीलाल रात्रे, मिलापराम निराला, हेमंत मिरी, लिलेश्वर कोसरिया, कुशल रात्रे, अजित महिलांगे, जगदीस बारिक आदि मौजूद रहे।

# पटेवा पुलिस ने तस्कर को पैसे लेकर छोड़ा, वो कवर्धा में गिरफ्तार

## 4 कांस्टेबलों को किया सस्पेंड, विभागीय जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांजा तस्कर के पकड़े जाने के बावजूद 60 हजार रुपए की लेकर छोड़ दिए जाने के मामले में पुलिस विभाग द्वारा पटेवा थाना के 4 आरक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार निलंबित पुलिस आरक्षकों में देव कोसरिया, अनिल गिलहरे, शुभम पांडेय, नरेश कुमार वर्मा शामिल हैं। मामले का खुलासा तब हुआ जब उक्त गांजा तस्कर जिला कवर्धा में नकली नोट और गांजा के साथ पकड़ा गया। और उसने पूरी कहानी कवर्धा पुलिस के सामने उगल दी। मिली जानकारी के अनुसार 5 सितंबर को पटेवा पुलिस ने आरोपी भीखम चंद्रवंशी (27 वर्ष), निवासी ग्राम मोहतरा, जिला कबीरधाम को 20 किलो गांजा के साथ रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी युवक से पुलिसकर्मियों ने 60 हजार रुपए की रिश्वत ली और रकम एक ढाबा संचालक के अकाउंट में ऑनलाइन पेमेंट कराया। जिसके बाद आरोपी को छोड़ दिया गया। आरोपी भीखम चंद्रवंशी को 500-500 के 15 नकली नोट के साथ कवर्धा जिले की पुलिस ने किया गिरफ्तार किया। जब उसने पूछताछ के दौरान पटेवा पुलिस की कारगुजारियां उगल दी। मामले का खुलासा होते ही हड़कंप मच गया।




### अवैध कारोबार करता था आरोपी

आरोपी भीखम चंद्रवंशी ओडिशा से गांजा और नकली नोट लेकर जिले के रास्ते से अवैध कारोबार कर रहा था। हालांकि कवर्धा पुलिस ने इसे गिरफ्तार कर लिया और सारे राज खुल गए। पटेवा थाने के 4 आरक्षक सस्पेंड कर दिए गए।

# आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की थाली से दाल गायब, हुलसी ने लगाई फटकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत बेलसोंडा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में एक गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। स्थानीय जनसेविका और जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने अचानक आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने बच्चों को परोसे जा रहे भोजन की जांच की, जिसमें महत्वपूर्ण पोषक तत्व, दाल गायब मिली। सरकार द्वारा बच्चों के पोषण के लिए पर्याप्त मात्रा में आहार सामग्री उपलब्ध कराने के बावजूद, इस तरह की लापरवाही पर चंद्राकर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का उद्देश्य बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाना है, लेकिन कुछ लापरवाह कर्मचारियों की वजह से इन योजनाओं पर पानी फिर रहा है। जब चंद्राकर ने इस संबंध में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से जवाब मांगा, तो उन्होंने गोलमोल बातें करते हुए कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। इस पर चंद्राकर ने कार्यकर्ता को कड़ी फटकार लगाई और साफ शब्दों में कहा कि इस तरह की लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। चंद्राकर ने आगे कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है और भविष्य में इस तरह की घटना न हो, इसके लिए सभी केंद्रों पर निगरानी बढ़ाई जाएगी। यह घटना एक बार फिर से पोषण आहार वितरण प्रणाली में व्याप्त अनियमितताओं को उजागर करती है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

**पुतला दहन के साथ ही मंत्री से मांगा इस्तीफा**

# कांग्रेस ने जलाया मंत्री केदार कश्यप का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री केदार कश्यप का पुतला जलाया।

ज्ञात हो कि जगदलपुर सर्किट हाउस के संविदा कर्मचारी ने मंत्री केदार कश्यप द्वारा उसके साथ गाली गलौज तथा मारपीट किए जाने की शिकायत थाने में की है। उसने बताया कि सर्किट हाउस के कमरे का ताला समय पर न खुलने का आरोप लगाकर मंत्री केदार कश्यप ने उक्त कर्मचारी के साथ गाली गलौज कर अपने जूते तथा हाथ से मारा। एक जिम्मेदार मंत्री द्वारा किए गए इस व्यवहार पर कांग्रेस पार्टी ने एतराज जताते हुए मंत्री केदार कश्यप से इस्तीफे की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने नैतिकता के आधार पर मंत्री केदार कश्यप से इस्तीफे की मांग की है। इस्तीफा नहीं देने की स्थिति में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से केदार कश्यप को मंत्रिमंडल से बाहर किए जाने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की बातों का समर्थन करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि मंत्री अहंकार में इतने डूब चुके हैं कि एक छोटे से कर्मचारी पर अत्याचार कर रहे है, उन्हें जरा भी शर्म हो तो उस कर्मचारी से माफी मांग कर अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।



पुतला दहन के दौरान जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष ढेलू निषाद, जिला महामंत्री संजय शर्मा, भरत ठाकुर, प्रदीप चंद्राकर, सोमेश दवे, गौरव चंद्राकर, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, सेवादल जिला अध्यक्ष नितेंद्र बैनर्जी, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमन चंद्राकर, देवेश शर्मा, मेहुल सूचक, सुनील चंद्राकर, तुलसी साहू, जावेद चौहान, विराज चंद्राकर, मनोहर ठाकुर, अक्षय साकरकर, युवराज साहू, भारत बुंदेला आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### खरोरा में हुआ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के वार्ड नंबर 3, 4 एवं 5 में विराजित भगवान गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्रा धूमधाम से निकाला गया। श्रद्धालु एक दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर बड़े उत्साह के साथ नाचते गाते रहे। इस मौके पर पंकज, दुर्गा,डिके, मोनिका , मोहना, विष्णु, रेखा, दिनेश, ममता, सुनीता, सुमित्रा, छाम, सरोज, जितेंद्र, गायत्री, मंजू, रामकुमार, तुषार, शंकर, राधे, गंगा राम, भूषण आदि मौजूद रहे।



### नरतोरा स्कूल के शिक्षकों को दिया गया डायरी

**झलप।** शिक्षक दिवस पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा शिक्षक दिवस के लिए शुभ संदेश, लेखनी व रुद्राभिषेक के लिए सादर आमंत्रण प्रेषित किया गया। जिसे डायरी के साथ प्रबंधन एवं विकास समिति नरतोरा के अध्यक्ष धर्मेश शुक्ला, हीराराम पटेल विधायक प्रतिनिधि, लक्ष्मी पटेल पूर्व सरपंच, मीना दीवान पंच द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरतोरा के सभी व्याख्याता एवं कर्मचारियों तथा मिडिल विभाग के सभी शिक्षकों को प्रदान किया गया। विधायक द्वारा इस प्रकार सम्मान एवं लेखनी प्रदान किए जाने पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति द्वारा हर्ष जताया गया।

# अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात मंत्री बनने पर हर्ष जताया। मंत्री ने कहा कि यथासंभव हो सके यादव समाज एवं पिछड़े वर्ग के उन्नति एवं छत्तीसगढ़ के विकास के लिए निरंतर कार्य करता रहूंगा। साथ ही समाज के पदाधिकारियों ने मंत्री से अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा द्वारा एक सम्मान समारोह आयोजित कर मंत्री को सम्मानित करने का निवेदन किया, जिस पर उन्होंने सहमति प्रदान की है। यह कार्यक्रम रायपुर में आयोजित होगा।

जिलाध्यक्ष विनोद यादव ने अपने वक्तव्य में कहा है कि 35 लाख की आबादी रखने वाले कर्मठ यादव समाज के प्रतिनिधि के रूप में गजेंद्र यादव को मंत्रिमंडल में शामिल कर विष्णुदेव साय की सरकार में निश्चित तौर पर



यादव समाज को सम्मान दिया है। इसके लिए हम छत्तीसगढ़ प्रदेश की यादव समाज सरकार को साधुवाद प्रेषित करते हैं। संख्या बल के आधार पर भविष्य में भी राज्य सरकार के निगम मंडल एवं अन्य आयोग में यादव समाज के प्रतिनिधियों को यथोचित स्थान मिले ऐसा हम सरकार से मांग भी करते हैं। मंत्री से मिलने के पश्चात रायपुर में ही कुशा भाऊ ठाकरे पहुंचकर मध्य क्षेत्र के संगठन मंत्री अजय जमवाल से भी अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंटकर गजेंद्र यादव को मंत्रिमंडल में शामिल करने के लिए आभार जताया। साथ ही उनसे निवेदन किया कि वर्तमान समय में यादव समाज के सैकड़ों कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की हिंदुत्व एवं राष्ट्रवाद की विचारधारा के साथ जुड़े हुए हैं, ऐसे कार्यकर्ताओं को भी संगठन एवं पार्टी अपने विभिन्न दायित्वों को सौंप कर यादव समाज को सम्मान दें।

मुलाकात के दौरान अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रमुख महासचिव राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संघ नरेंद्र कुमार यादव सरायपाली, प्रदेश उपाध्यक्ष रामाश्रय यादव के साथ-साथ विनोद यादव जिला अध्यक्ष महासमुंद, राहुल यादव जिला अध्यक्ष रायपुर, संजय यादव प्रदेश कार्य समिति, पवन यादव कार्यकारी जिलाध्यक्ष महासमुंद, एसके हंस, रामखेलावन यादव, राजेंद्र कुमार यादव, राजू, युवा यादव महासभा से कुबेर यादव खल्लारी, पिछड़ा वर्ग समाज से साखीराम पटेल मौजूद रहे।

## शासकीय महाविद्यालय परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान




**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना सामान्य इकाई के कार्यक्रम अधिकारी यूके बरिहा के नेतृत्व में महाविद्यालय के परिसर को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखने के लिए एक अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इसी परिपेक्ष में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा नियमित गतिविधि के अंतर्गत महाविद्यालय के परिसर की साफ सफाई की गई तथा सुंदर और व्यवस्थित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इससे तो महाविद्यालय को स्वच्छ बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा श्रम शक्ति के माध्यम से अनावश्यक उगे हुए घास पतवार को नष्ट किया जा रहा है तथा श्रम के महत्व को समझ रहे हैं। महाविद्यालय के चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों को भी स्वच्छता को विशेष महत्व देते हुए उनसे कार्य कराया जा रहा है, जिससे महाविद्यालय का वातावरण सुंदर और स्वच्छ हो। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयं सेवक राहुल चौहान, पद्मावती महापात्र, राजेश्वरी बारी, हर्षिता नागवंशी आदि स्वयंसेवक कार्य कर रहे हैं।

## गढ़फुलझर में मेला एवं संत समागम 1 दिसंबर को, हुई तैयारी बैठक



**बसना।** संत गुरु घासीदास सेवा संस्थान गढ़फुलझर के गढ़ परिसर में मेला एवं संत समागम का आयोजन आगामी 1 दिसंबर को आयोजित करने के विषय में निराला कांप्लेक्स में सभा का आयोजन रखा गया।

# सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ प्रथम आवर्ती वर्ग



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

झलप संकुल द्वारा इस वर्ष का प्रथम आवर्ती वर्ग सरस्वती शिशु मंदिर पटेवा में रखा गया। जिसमें 14 विद्यालय से 115 दीदी, आचार्य उपस्थित रहे। सभी दीदी आचार्यों द्वारा सबसे पहले मां सरस्वती की पूजा किए। पश्चात अतिथियों का स्वागत सत्कार हुआ। मुख्य अतिथि निकेश देवांगन, अध्यक्षता गुरवंत लाल गजेंद्र, विशेष अतिथि हेमंत पंडा, देवेंद्र निर्मलकर रहे। आचार्यों द्वारा वैदिक गणित, प्रार्थना, संगीत, समाजिक विज्ञान आदि विषयों को प्रोजेक्टर द्वारा ज्ञानवर्धक बातें बताई गई। जिससे बच्चों के शिक्षा स्तर को ऊंचा कर उनके आने वाले भविष्य को साकार बना सके। उन्होंने पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान को भी जरूरी बताए। पढ़ाने के पूर्व किस तरह पाठ योजना बना के बच्चों को पढ़ाना चाहिए, उसके विषय में भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य मायाराम ध्रुव, आचार्य तिलकचंद साहू, उर्वशी साहू, कौशल्या, रेवती यादव, अमृता सेन, मीना चक्रधारी, ममता ध्रुव, नर्मदा दीवान, दीपशिखा निर्मलकर, मोनिका साहू, गुंजा गजेंद्र ने अपना पूरा सहयोग प्रदान किए।

# शहर के वार्डों में अवैध नल जांच एवं बकाया वसूली अभियान सराहनीय : नपा उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

नगर पालिका द्वारा शहर के 30 वार्डों में डोर टू डोर अवैध नल जांच एवं बकाया वसूली अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन, गरीब जनता के साथ नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। इसे लेकर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे से दूरभाष पर चर्चा की और कहा कि अवैध नल को वैध कनेक्शन किया जाए, इसके लिए संबंधित हितग्राही से सभी औपचारिकता पूरी कर नल कनेक्शन चार्ज दिनांक से ही नल शुल्क लेवें। साल दो साल भर पहले से शुल्क न लें। कनेक्शन को वैध करने के लिए सभी को मौका दिया जाए। जांच का दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए। गरीब जनता का नल कनेक्शन विच्छेद न करें, उन्हें समय अवधि प्रदान करे, जिससे हितग्राही कनेक्शन वैध करा सके। जानकारी में आ रहा है कि रसूखदार लोगों के यहां अवैध नल कनेक्शन की जांच ही नहीं की जा रही है। अगर जानकारी भी हो रही है, ऐसे लोगों पर कार्रवाई नहीं की जाती है। दूसरी ओर गरीब मजदूर बस्ती के लोगों पर नल विच्छेद की कार्रवाई की चेतावनी दी जा रही है। दोहरा मापदण्ड नही होना चाहिए। सभी के साथ समान व्यवहार होना चाहिए। बीपीएल कार्डधारी लोगों ने भाजपा के डॉ रमन सिंह की सरकार के समय भागीरथी नल जल योजना के तहत आवेदन किये थे, ऐसे आवेदन कार्डधारियों से नल कनेक्शन चार्ज ना लिया जाए, क्योंकि, इन लोगों ने सरकार की योजना के तहत नल कनेक्शन कराया था।

- हितग्राही से सभी औपचारिकता पूरी कर नल कनेक्शन चार्ज दिनांक से ही नल शुल्क लें



# पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन पर लंबर में शान से निकला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

सुन्न मुस्लिम समाज लंबर द्वारा मोहम्मद साहब का 1500वां जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी के रूप में मदरसा मुस्तफा ए रजा में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दिन मदरसा एवं घरों को झालर लाइट से सजाया गया था। सुबह 4 बजे मुस्लिम समाज के लोग मदरसा मुस्तफा रजा में एकत्रित हो गए थे। पश्चात पैगंबर साहब के जन्म के समय पर इन्होंने पैगंबर साहब को सलातो सलाम पेश किया। पश्चात सुबह मदरसा में फज्र नमाज़ अदा की गई। नमाज बाद हाफिज मोहम्मद रजा खान द्वारा सुबह 8 बजे परचम कुशाई की रस्म अदा की गई। सुबह 9 बजे मदरसा से जुलूस ए मोहम्मदी निकल गया। जिसमें लंबर, सागरपाली के सैकड़ों मुस्लिमजनों द्वारा डीजे की धुन में नात शरीफ नारे तकबीर अल्लाह हू अकबर के गूंज पर ग्राम के गलियों का भ्रमण करते हुए खुशियां बांटते हुए जुलूस ए मोहम्मदी कब्रिस्तान पहुंचा, जहां पर सरायपाली से आए मौलाना नजीर खान द्वारा सभी मरहूम मरहूमा के ईसाले सवाब के लिए फतिया खानी कर उनके हक में दुआ की गई एवं देश के लिए अमन शांति के लिए दुआ किया गया। उसके पश्चात जुलूस बजरंग बली चौक के पास पहुंचा। इस अवसर पर लंबर के सदर सत्तार अली द्वारा बताया गया कि आज का दिन सिर्फ जश्न नहीं, बल्कि पैगंबर इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के पैगाम को याद करने और उस पर चलने का दिन है। मोहम्मद साहब का पूरा जीवन बराबरी मसावत इंसाफ और भाईचारे की मिसाल रहा। उन्होंने यह सिखाया कि कोई उच्च नीच नहीं, सब इंसान बराबर है। अमीरी गरीबी जातपात रंगभेद सबको मिटाकर इंसानियत को सबसे ऊंचा दर्जा दिया। सैकड़ों राहगीरों को सुन्नी मुस्लिम जमात द्वारा केक व बिस्कुट बांटे।





## आकर्षक फूलों की रंगोली से मनाया गया ओणम पर्व

**महासमुंद।** वृंदावन विद्यालय हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ओणम पर्व बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उप प्राचार्य इंदु मिश्रा तथा समस्त शिक्षक एवं छात्रों द्वारा आकर्षक फूलों से बनी रंगोली में भगवान महाबलि मूर्ति स्वरूप को रखकर द्वीप प्रज्ज्वलन एवं श्रीफल से पूजा अर्चना की गई। संचालिका सुजाता विश्वनाथन द्वारा महाप्रभु भगवान वामन देव व भगवान महाबलि के कथा प्रसंग पर विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर उर्मिला अग्नहोत्री, अमृता चंद्राकर, वर्षा चंद्राकर, रेखा साहू, भूमिका वर्मा, जागृति साहू, संध्या सोना, शुभ्रा अग्रवाल, सुषमा साहू, प्रवीण साहू, होमेश साहू, रिंकी कुर्रे, चंदना सोनी, दीपशिखा गायकवाड़, स्वाति ठाकुर, मीनाक्षी पांडे, अंशु यादव, मनीषा बावनकर, हेमलता वर्मा, संगीता साहू, आरती गुप्ता, हीना खान, अमन वर्मा, तुषार निर्वाण, दीपक पटेल समेत समस्त छात्रगण उपस्थित थे।

# सविता को मिला छत्तीसगढ़ महिला गौरव अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झलप

छत्तीशगढ़ की अग्रणी सामाजिक और साहित्यिक संस्था वक्ता मंच द्वारा 06 सितंबर 2025 शनिवार को छत्तीसगढ़ महिला गौरव अवार्ड का आयोजन वृंदावन सभागृह सिविल लाइन रायपुर में किया गया।

जिसमें प्रदेश के 11 जिलों से चयनित 125 प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिले के झलप परिक्षेत्र से सेन समाज की बेटी सविता सेन को भी छत्तीसगढ़ महिला गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। सविता सेन, सामाजिक कार्यों के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं। अपने समाज के बहुत से बेटियों और महिलाओं को पार्लर कार्य सीखा कर उन्हे अपने पैरो में खड़ा करने का प्रयास किया है। सविता उन सभी लोगों के लिए प्रेरणा की मिसाल है जो अपने घर के साथ साथ समाज के लिए भी कुछ करना चाहते हैं। उनके द्वारा किए गए सामजिक कार्यों के लिए वक्ता मंच द्वारा शील्ड और अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया।

इस सफलता पर झलप परिक्षेत्र के संरक्षक नंदकुमार सेन, अध्यक्ष नरेंद्र कौशिक, सलाहकार घनश्याम सेन, बल्दु सेन, सचिव भूपेंद्र सेन, उपाध्यक्ष तोषण सेन, कोषाध्यक्ष सदानंद सेन, महामंत्री बलराम सेन, सहसचिव चोवा सेन, पंचगण चंदू सेन, मिलन सेन, हीरालाल सेन, अश्वनी सेन, समाज सेवक ईश्वर सेन ने हर्ष जताया है।



# आज का युवा पीढ़ी कल समाज का नेतृत्व करेंगे: निखिलकांत

## गोड़पाली व पचरी के डीजे डांस प्रतियोगिता में शामिल हुए नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

झलप क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोड़पाली व पचरी में गणेशोत्सव के अवसर पर भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों ग्रामों के कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रमों के पूर्व भगवान श्रीगणेश की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अनेक प्रतिभागियों ने एकल, युगल व ग्रुप डांस की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि गणेशोत्सव के साथ त्योहारी सीजन शुरू हो जाता है। शहरी क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचलों में भी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। आज ग्रामों में भव्य पंडालों में विराजित विघ्नहर्ता की प्रतिमाओं से यह प्रतीत होता है कि ग्रामीण क्षेत्र के युवा भी सामुहिक सहभागिता का उदाहरण बन रहा है। गांवों में ऐसे आयोजनों से वातावरण खुशनुमा रहता है। हम सभी का दायित्व है कि आज युवा वर्ग को यह प्रेरित करें कि नशावृत्ति जैसे बुराई से दूर रहकर सामाजिक कार्यक्रमों, ग्राम विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। क्योंकि, आज के युवा पीढ़ी कल समाज का नेतृत्व करेंगे। इस अवसर पर श्री साहू के साथ रत्नेश साहू, सौरभ लोधी, हेमंत कुमार चौहान, मूलचंद पटेल, रितू गैंदराम दीवान सरपंच जोबाकला, धनेश्वर चंद्राकर उप सरपंच, गणेश राम पटेल, सचिव, राकेश टंडन उपसरपंच बरेकेल कला, विजय पटेल छिलपावन, भोजनाथ मधुकर, कौशिल्या पटेल व पंच गण मंच पर उपस्थित थे। साथ ही डांस प्रतियोगिता देखने बड़ी संख्या में दोनो ग्रामों के ग्रामीण जन उपस्थित हुए।



# जगराता कार्यक्रम में शामिल हुए तुषार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

ग्राम परसट्ठी में जगराता कार्यक्रम हुआ। इसमें भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू व ग्राम सरपंच लेखराज साहू शामिल हुए। नवयुवक गणेश उत्सव समिति के सदस्यों ने तुषार साहू का चंदन, गुलाल व फूल मालाओं से स्वागत किया। ग्राम परसट्ठी में बड़े उत्साह के साथ गजानंद स्वामी का भव्य रूप में श्रृंगार कर आकर्षक पंडाल बनाकर गणेश भगवान विराजमान किया गया है। जहां ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। अनंत चतुर्थी पर जगराता कार्यक्रम में तुषार साहू ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक विरासत में हमारे पूर्वजों ने उन गुण रहस्यों को उजागर किया है, जो हमें हमेशा सदमार्ग दिखाती है। इतिहास इसका उदाहरण है कि मेडिकल, कृषि, व्यापार आदि क्षेत्र की शुरूआत हमारे देश से हुई थी। इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्र में हम अन्य देशों से कई गुना आगे थे। उस दौरान स्थिति यह थी कि विदेशी लोग यहां पर शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते थे। इसके अलावा हमारे धर्म में भजनों, कीर्तनों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से हम उनका प्रचार करते हैं। कार्यक्रम में अरुण साहू, ऋषभ साहू, दीपक साहू, बाला साहू, परमेश्वर साहू, प्रेम साहू, समिति के सदस्य व ग्रामीणजन उपस्थित रहे



**खबर संक्षेप**



## नवागांव में शिक्षक दिवस पर हुए विविध आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाला के शिक्षकों द्वारा डा. सर्वपल्ली राधा कृष्णन एवं सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने मंच से शिक्षकों के प्रति अपनी श्रद्धा और आभार व्यक्त किया तथा उनके जीवन में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों को स्वयं के द्वारा निर्मित ग्रीटिंग कार्ड, कलम एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। शिक्षक मेमन चंद्राकर ने डॉ राधाकृष्णन के जीवन परिचय जन्म से लेकर राष्ट्रपति बनने तक की जानकारी दी। अमर साहू ने शिक्षकों को समाज पथ प्रदर्शक बताया और उनके मार्गदर्शन से ही विद्यार्थियों का उज्ज्वल भविष्य निर्माण संभव है। प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू ने शिक्षक के योगदान और शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षक की गरिमा एवं उत्तरदायित्व पर प्रकाश डाला। शिक्षक वीरेंद्र कुमार साहू एवं किरण दीवान में भी अपने आशीर्वचन विद्यार्थियों को प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन यामिनी सिन्हा एवं रागिनी ढीढ़ी ने किया।




## सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट में मनाया शिक्षक दिवस

**महासमुंद।** सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट में शिक्षक दिवस पर बीएससी नर्सिंग के छात्रों ने अपने शिक्षकों के सम्मान में एक भव्य और उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में नृत्य, संगीत, और विभिन्न खेलों ने समारोह में चार चांद लगाए। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा शिक्षकों के स्वागत और सम्मान के साथ हुई। बीएससी नर्सिंग के छात्रों ने अपने गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी, जिसमें नृत्य और संगीत की शानदार प्रस्तुति शामिल थी। इसके अलावा, शिक्षकों और छात्रों के बीच विभिन्न मजेदार खेलों का आयोजन किया गया, जिसने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट के प्राचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, शिक्षक न केवल ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं, बल्कि अपने छात्रों के भविष्य को संवारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# चतुर्थी का यह उत्सव विघ्नहर्ता भगवान गणेश के प्रति हमारी अटूट आस्था का प्रतीक:मुकेश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

ग्राम रामडीही (लामीडीही) में गणेश उत्सव समिति के तत्वावधान में गणेश चतुर्थी का सांस्कृतिक कार्यक्रम बड़े हर्ष और उल्लास के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित होकर भगवान गणेश की आराधना एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लेते दिखे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष मुकेश यादव शामिल हुए। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि गणेश उत्सव समिति विगत कई वर्षों से आस्था और श्रद्धा का यह भव्य आयोजन करती आ रही है, जो न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से गांव की एकता व भाईचारे की भावना मजबूत होती है तथा नई पीढ़ी को संस्कृति से जुड़े रहने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम की सफलता पर उन्होंने गणेश उत्सव समिति और समस्त ग्रामवासियों की सराहना करते हुए आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता लामीडीही सरपंच कमला दीवान ने की। कार्यक्रम में मंच पर पूर्व सरपंच दुलार यादव, रमाशंकर पटेल, खूबचंद साहू, आर्यन दुबे एवं शिवलाल विश्वकर्मा विशेष रूप से मंचासीन रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं ने भक्ति गीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियां दीं, जिनमें भारत की कला और संस्कृति का सुंदर समन्वय परिलक्षित हुआ। स्थानीय कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और पूरा कार्यक्रम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम गांव की सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करते हैं। आयोजन में रमेश नागवंशी, बिसरत , डोमू रावत, हिमांशु, अजय यादव, अजमेरी बाई, रामेश्वर नागवंशी, विमल यादव, सन्तोषी वर्मा, साहेब लाल नागवंशी, कमलेश साहू, इंदल, राजेश, कार्तिक, रंजना नागवंशी, अजय कुमार नागवंशी, सागर नागवंशी, सझमु नागवंशी और युवा कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग इस सांस्कृतिक कार्यक्रम की सफलता में सराहनीय रहा।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के लिए भाजपा ने बनाई प्रदेश स्तरीय टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को मजबूती देने के लिए प्रदेश स्तरीय टीम का गठन किया है। पार्टी ने महासमुंद सांसद एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी को अभियान का संयोजक नियुक्त किया है। अभियान की टीम में हरपाल सिंह भामरा, छगन लाल मुंदड़ा, रामदेव कुमावत और टेकेश्वर जैन को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। यह टीम अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यक्रमों की योजना, संचालन और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी। भाजपा नेतृत्व का मानना है कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विज़न को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा।



अभियान के दौरान आत्मनिर्भरता से जुड़े जनजागरण कार्यक्रम, संगोष्ठियां, कार्यशालाएं और सा मा जि क - आ र्थि क गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। पार्टी के पदाधिकारियों का विश्वास है कि इस पहल से आम लोगों में आत्मनिर्भरता के प्रति नई सोच विकसित होगी और प्रदेश में स्थानीय संसाधनों के उपयोग तथा कौशल विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। सांसद रूपकुमारी चौधरी को संयोजक नियुक्त किए जाने पर पिथौरा, बसना सहित ग्रामीण अंचलों के भाजपा समर्थकों में हर्ष व्याप्त है।



## नाचा गम्मत के माध्यम से बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के प्रति कर रहे जागरूक

**नर्रा।** जिला प्रशासन एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं अंचल के सुप्रसिद्ध नाचा गम्मत सराईपाली कोमाखान के संस्थापक रजीत चक्रधारी के नेतृत्व में गांव-गांव में गणेश युवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में नाचा गम्मत के कलाकारों द्वारा स्वस्थ मनोरंजन करने के साथ साथ शासन प्रशासन द्वारा चलाये जाने अभियान को सफल बनाने बाल विवाह एवं दहेज प्रथा जैसे नाटकों के माध्यम से मंचीय प्रस्तुति दी गई। जिसमें सामाजिक जनजागरूकता एवं लोगों को कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक किया गया। इस दौरान धनेश्वर साहू, संतोष यादव, चुम्मन साहू, तुलेश साहू, भुखन साहू, बिसनु यादव, पाल धुर्वा, भूषण नागेश, त्रिभुवन निषाद, गिरधारी पटेल, कीर्तन पटेल आदि कलाकारों ने मुख्य किरदार के भूमिका में रहे।

## नवकिरण अकादमी में आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए हुआ अंतिम टेस्ट

**महासमुंद।** आरक्षक भर्ती परीक्षा 2025 को ध्यान में रखकर नवकिरण अकादमी में आरक्षक भर्ती परीक्षा हेतु 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में चौथा व अंतिम टेस्ट का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी रवि साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के दिशा निर्देश में संचालित अकादमी के जिला समन्वयक डी.बसंत साव ने बताया कि 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में चौथा व अंतिम टेस्ट पेपर आरक्षक भर्ती संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -04 हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ। इसमें भारत का इतिहास, भूगोल, संविधान, अर्थव्यवस्था, सामान्य विज्ञान, भारतीय दर्शन कला साहित्य, समसामयिक घटनाएं, पर्यावरण, कंप्यूटर, छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान बुद्धि क्षमता एवं विश्लेषण क्षमता, अंक गणित आदि के 100 प्रश्न पूछे गए। चौथा व अंतिम टेस्ट पेपर में संस्था में अध्यनरत एवं संस्था के बाहर के पंजीकृत अभ्यर्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया।

## गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष से हुई विघ्नहर्ता की विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम बम्हनी में बाल गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेशोत्सव मनाया गया। शनिवार को समिति द्वारा गणेश विसर्जन किया गया। समिति के अध्यक्ष इंद्रकुमार साहू, उपाध्यक्ष कौशिक साहू, सचिव परमेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष देवेंद्र कुमार साहू ने बताया कि विसर्जन जुलूस आकर्षक और भक्तिमय माहौल में निकाला गया। इस अवसर पर गांव के युवा राकेश साहू, लुकेश्वर साहू, पारस ध्रुव, लुकेश साहू, नीलूशंकर साहू, राजू विश्वकर्मा, करण निषाद, भुनेश्वर साहू, परमेंद्र निर्मलकर एवं रमन साहू ने भी सक्रिय भूमिका निभाई हैं।



विसर्जन यात्रा में भारी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। गणेश विसर्जन पर गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष से गूंजा और बम्हनी में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

# राज्य स्तरीय क्रीडा स्पर्धा में तुसदा के खिलाड़ियों ने जीते अनेक पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

25वीं राज्य स्तरीय क्रीड प्रतियोगिता दिनांक 3 सितंबर से 6 सितंबर तक बलौदा बाजार भाटापारा जिला में आयोजित की गई। जिसमें रग्बी 14 वर्ष बालक बालिका तथा कुराश 14, 17, 19 वर्ष बालक बालिका वर्ग में 5 संभाग से बस्तर, सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग संभाग से कुल 350 खिलाड़ियों ने अपनी खेल का प्रदर्शन किया। रायपुर संभाग में तुसदा स्कूल बागबाहरा ब्लॉक से 4 खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रायपुर जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। इसमें कुराश खेल में 17 वर्ष बालक वर्ग में निखिल खड़िया ने कड़े मुकाबले में दुर्गा के खिलाड़ी को हराकर कांस्य पदक जीता। 19 वर्ष बालिका में प्रीति चक्रधारी ने बिलासपुर के खिलाड़ी को हराकर रजत पदक प्राप्त किया। इसी प्रकार अरबी 14 वर्ष बालक वर्ग में रायपुर जोन की टीम से लव कुमार ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए रायपुर जोन को रजत पदक प्राप्त करवाया तथा अंडर 14 बालिका वर्ग में रजनी खड़िया नियुक्त कृष्णा खेल का प्रदर्शन करते हुए कड़े मुकाबले में अस्तर के खिलाड़ियों को हराकर स्वर्ण



पदक प्राप्त करने में रायपुर जोन के लिए सहायक हुई। खिलाड़ियों के इस उपलब्धि पर महासमुंद जिला के शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमल, जिला क्रीड़ा अधिकारी मनोज धृतलहरे, प्राचार्य महेंद्र सिंह मरकाम, व्यायाम शिक्षिका अंजू प्रजापति ने हर्ष जताया है।

# साल्हेभाठा में आयोजित रामायण महोत्सव में सम्मिलित हुए विधायक द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ग्राम तमोरा के आश्रित ग्राम साल्हेभाठा में आयोजित रामायण महोत्सव में सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर उन्होंने ग्रामवासियों के साथ प्रभु श्रीराम की कथा श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त किया और ग्रामीणों के बीच पारंपरिक, धार्मिक और सामाजिक वातावरण जो भक्ति से परिपूर्ण था उसका लाभ प्राप्त किए। साल्हेभाठा में आयोजित रामायण महोत्सव की शुरुआत भगवान राम दरबार एवं ग्राम देवी देवताओं की पूजा अर्चना से हुई। तत्पश्चात जिले की विभिन्न क्षेत्र से पहुंची हुई रामायण मंडलियों



ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। प्रस्तुति के दौरान उद्बोधन का दौर भी हुआ। जिसमें उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए विधायक यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपराएं ही हमारी सबसे बड़ी धरोहर हैं। यही परंपराएं समाज को एकजुट करने का कार्य करती हैं और सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन सामाजिक सद्भाव का प्रतीक हैं। ये कार्यक्रम नई पीढ़ी को अपने संस्कारों से जोड़ने और उन्हें सही मार्ग पर अग्रसर करने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने आगे कहा कि रामचरितमानस केवल धार्मिक ग्रंथ ही नहीं बल्कि जीवन जीने की कला का मार्गदर्शक है। इसमें आदर्श, मर्यादा और मानवता का वह स्वरूप है, जो आज भी समाज को सही दिशा दिखाता है। श्रीराम के आदर्श आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं और इन्हीं आदर्शों को आत्मसात करना हमारी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर सेवाराम साहू, प्रदीप दीवान, पीला राम निषाद, भुनेंद्र दीवान, रामचरण दीवान, रामानंद मार्कंडेय, ईश्वर दीवान, कृष्णा दीवान, निर्मल सिन्हा, ताराचंद दीवान, सुदे राम दीवान, खम्मन बरिहा, हितेश साहू, चंदन मार्कडेय, दीपेश साहू, गणेश दीवान, दिव्या उपेंद्र दीवान, जनपद सदस्य एवं विधायक प्रतिनिधि राजेश सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## खल्लारी स्कूल के दो व्याख्याताओं को मिला जिला शिक्षा सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य पर शिक्षक दिवस के अवसर शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा महासमुंद द्वारा उत्कृष्ट शिक्षकों का स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खल्लारी के दो शिक्षक को विकासखंड स्तर व जिला स्तर में उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान मिलने से खल्लारी संकुल में खुशी की लहर है। व्याख्याता मनोज साहू एवं व्याख्याता पुरी हरपाल को रजत जयंती महोत्सव 2025 के समारोह में उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से नवाजा गया।

यह सम्मान दोनों व्याख्याताओं को शिक्षकीय कार्य के साथ साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेने पर पुरस्कृत किया गया। जिसमें मनोज साहू को विज्ञान प्रदर्शनीय, इंस्पायर अवार्ड योजना में छात्र- छात्राओं को राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक एवं पुरी हरपाल को स्काउट गाइड के माध्यम से सात छात्राओं को राज्यपाल पुरस्कार प्रदान कराने के साथ साथ छात्र छात्राओं को प्राथमिक सहायता, पर्यावरण व जलसंरक्षण के लिए प्रेरित करने के लिए सम्मान दिया गया।

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य सविता चंद्राकर, संकुल समन्वयक रामाधीन यादव, सुमन चंद्राकर, भूषनलाल सिरमौर, लक्ष्मीधर चंद्राकर, वंदना कोटगले, वेणुका साहू, देव कुमार साहू, राजेन्द्र चौहान, सरोज मर्सकोले, सोनम अग्रवाल, धनेश्वरी मरकाम, किरण वर्मा, हेमलता साहू, नागेश विश्वकर्मा, सोनबती ठाकुर आदि ने हर्ष जताया है।

# 'छगवासियों को अधिक बिजली बिल भेजकर चुनावी खर्च वसूल रही भाजपा'

## छत्तीसगढ़ के कोयले दूसरे राज्यों को फ्री बिजली, यहां अवैध वसूली, सरकार ने हाफ बिजली बिल योजना को घटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना बंद कर तथा बिजली के दरों में वृद्धि कर आम जनता पर एक और बोझ डाल दिया है। 400 यूनिट तक उपयोग पर बिजली बिल हाफ योजना को घटाकर 100 यूनिट की सीमा निर्धारित करने के कारण बिजली बिल दोगुना से अधिक आ रहा है। सरकार ने हाफ बिजली बिल योजना को घटाया। जिससे इस योजना का लाभ आज गरीब वर्ग को भी नहीं मिल पा रहा है। कांग्रेस सरकार द्वारा बनाई गई हाफ बिजली बिल योजना को अप्रत्यक्ष रूप से पूरी तरह भाजपा ने बंद कर दिया है। इससे खासकर गरीब उपभोक्ताओं पर अधिक भार पड़ रहा है।

पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि राज्य विद्युत वितरण कंपनी के 5 हजार करोड़ रुपए के घाटे की भरपाई के लिए राज्य की आम जनता पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। जबकि, बिजली कंपनी को घाटा चार गुना ग्रीन टैक्स, स्लरी की अधिक वसूली, और अडानी की कंपनी से महंगे कोयले की खरीद के चलते हुई है। स्मार्ट मीटर के नाम पर अनाप-शनाप बिल और अडाणी की कंपनी द्वारा लगाए गए मीटर चार्ज की वसूली भी महंगी बिजली बिल का



एक बड़ा कारण है। चंद्राकर ने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि हमारा अपना कोयला, पानी, जमीन होने के बाद भी हमें ही महंगे दाम पर बिजली बेची जा रही है। यह केवल अडाणी को लाभ पहुंचाने के लिए आम जनता से सरकार द्वारा चलाई जा रही वसूली अभियान का हिस्सा है।

पूर्व संसदीय सचिव ने आगे कहा कि भाजपा मोदी की गारंटी तो लागू कर ना सके। उल्टे, कांग्रेस सरकार द्वारा लाई गई बिजली बिल हाफ योजना भी बंद कर दी। बीते 6 साल से मिल रही 400 यूनिट तक की बिजली पर 50 प्रतिशत की सब्सिडी होने से गरीब व मध्यम वर्ग परिवार को बड़ा झटका लगा है। जिन घरों में 500 रुपए बिजली बिल आ रहा था वहां 1000 से 1200 रुपए तक बिल भेजा जा रहा है। चंद्राकर ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं।

वहां जुलाई, अगस्त, सितंबर महीने का बिजली बिल माफ करने का निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त 300 यूनिट तक बिजली बिल माफ करने की घोषणा भी की है। छत्तीसगढ़ से कोयला ले जाकर दूसरे राज्यों में सरकार फ्री में बिजली बांट रही है। और छग के आम जनता को महंगे दाम पर बिजली बेच कर चुनावी खर्च वसूल रही है। सितंबर माह की बिजली बिल को देखकर लोग परेशान हो रहे हैं। गरीब बीपीएल परिवार चिंता में हैं, अब बिजली बिल कैसे पटाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गरीब, मध्यम वर्ग, बीपीएल परिवारों को राहत देने बिजली बिल हाफ योजना सहित जो भी योजनाएं बनाई उसे भाजपा ने दुर्भावना पूर्वक बंद कर दिया। राजनीतिक विद्वेष के कारण महंगाई के आग में भाजपा ने आम जनता को झोंक दिया। भाजपा ने इन योजनाओं को बंद करने से पहले यह नहीं सोचा कि इन योजनाओं ने छत्तीसगढ़ के लाखों गरीब परिवारों के जीवन में बदलाव लाया, महंगाई से उन्हें राहत दी है।

## सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश को थिंक सोशल इंपैक्ट अवार्ड से किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ के सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश शुक्ला को थिंक सोशल इंपैक्ट अवार्ड 2025 (छत्तीसगढ़ का प्रथम सीएसआर पुरस्कार) में वर्ष का बेहतरीन सामाजिक परिवर्तक के रूप में सम्मानित किया गया है।

यह सम्मान उन्हें कृषि मैदानी क्षेत्रों में आजीविका कार्यक्रमों के लिए प्राकृतिक संसाधनों का सतत एवं जिम्मेदाराना उपयोग करते हुए किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के हेमेश देवांगन, यूनिसेफ राज्य प्रमुख अभिषेक सिंह, तथा उरला औद्योगिक संघ के अध्यक्ष अश्विन गर्ग सहित उद्योग जगत की कई प्रमुख हस्तियों सहित छत्तीसगढ़ एलायंस प्रमुख मनीष सिंह, गायत्री सिंह उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### श्रीगणेश को लगाया महाप्रसादी का भोग

**महासमुंद।** शहर के गंजपारा स्थित उज्वल गणेश उत्सव समिति द्वारा महाप्रसादी का भोग लगाया गया। तत्पचात श्रध्दालुओं को प्रसाद वितरण किया किया। इस दौरान समिति के सदस्य विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

### 8 से 10 तक विशेष दुर्घटना बीमा शिविर

**पिथौरा।** महासमुंद, बसना, सरायपाली और बागबाहरा डाकघरों में 8 से 10 सितंबर 2025 तक डाक विभाग एवं इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक) द्वारा विशेष दुर्घटना बीमा शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से नागरिक दुर्घटना बीमा कवर प्राप्त कर पाएंगे। महासमुंद, सरायपाली, बागबाहरा में कैंप डाकघर भवन में आयोजित है। वहीं बसना के बस स्टैंड में शिविर लगाया जाएगा।



### तोषण से मिलने पहुंचे छात्र-छात्राएं

**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्तर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी के बहुत से पूर्व छात्र-छात्राएं शिक्षक दिवस पर उनसे मिलने के लिए उनके घर पहुंचे तथा उन्हें शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद लिए। इस अवसर पर छात्रा सुधा यादव, राहुल यादव, पूर्णिमा वैष्णव, जागृति सोनी, चारूलता यादव, निधि यादव, खिलेश्वर, वंदना सेन, मनीषा साव, ममता साहू, निधि भोसले, दिव्या मरकाम आदि ने गोस्वामी के साथ स्कूल में बिताए गए पुराने समय को याद करते हुए कहा कि वह बिता हुआ समय उनके जीवन का सबसे यादगार समय है। वहीं शेम्पी तिवारी, रेणुका सेन, किरण साहू, ईश्वरी साहू, लता साहू, किरण यादव, पिंकी साहू, संजना मन्नाडे, मनीषा नेताम आदि ने भी शिक्षक दिवस पर उनसे आशीर्वाद लिया।

### महिला एवं पुरुष ओपन दंगल कुश्ती एवं पुरुष पंजा कुश्ती स्पर्धा 21 को

**बागबाहरा।** स्थानीय टाउन हॉल में जिला स्तरीय महिला एवं पुरुष ओपन दंगल कुश्ती एवं पुरुष पंजा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन जिला कुश्ती संघ द्वारा 21 सितंबर को किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजय खिलाड़ियों को नगद राशि, शील्ड व प्रमाण पत्र अतिथियों द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। उक्त प्रतियोगिता महासमुंद जिला भीम, महासमुंद जिला शेरनी, महासमुंद जिला चैंपियन 2025 के खिताब के लिए होगी। यह प्रतियोगिता जिले में पहली बार आयोजित की जा रही है, जिससे नए खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन कर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

## जीत : प्रतियोगिता में सुखरीडबरी के 5 खिलाड़ी हुए शामिल

# वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में राधा-उमाशंकर ने जीता पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

25वीं राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग

- लोकदामिनी ने रजत पदक एवं राजनंदिनी ने कांस्य पदक जीता
- वेट लिफ्टिंग में सुखरीडबरी विद्यालय की राधा पटेल व उमा शंकर का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन



प्रतियोगिता का आयोजन 4 से 7 सितंबर 2025 तक पाटन जिला दुर्ग में आयोजित किया गया, जिसमें सुखरीडबरी बागबाहरा के 05 खिलाड़ी शामिल हुए। शामिल खिलाड़ियों में दारिनी पनुरिया, लोक दामिनी, राज नंदिनी, राधा पटेल, उमाशंकर सभी शाउमावि सुखरीडबरी में अध्ययनरत हैं। ये खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर चुके हैं, जो बागबाहरा क्षेत्र के लिए गौरव का विषय रहा हैं।

राज्य स्तरीय शालेय भारोत्तोलन प्रतियोगिता पाटन दुर्ग में शासकीय उमावि सुखरीडबरी की खिलाड़ी राधा पटेल पिता धनेश्वर पटेल ग्राम दावनबोड ने अंडर 19 बालिका वर्ग में 53 किलो ग्राम भार वर्ग में बेहतर प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता, उमाशंकर पिता नोहर पटेल ने 98 किलो ग्राम वजन वर्ग में 128 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल किया। राजनंदिनी पिता हीरामन पटेल ने अंडर 17 वर्ष बालिका वर्ग में 53 किलो वजन वर्ग में 65 किलो वजन उठाकर कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं एवं लोक दामिनी पिता मुरलीधर दीवान ने 17 वर्ष बालिका वर्ग में 69 किलोग्राम वजन वर्ग में 65 किलो वजन उठाकर रजत पदक जीतने में सफलता हासिल किया। साथ ही राधा एवं उमाशंकर का चयन दिसंबर में आयोजित राष्ट्रीय शालेय भारोत्तोलन प्रतियोगिता महाराष्ट्र के लिए हुआ हैं।

राधा पटेल एवं उमाशंकर पटेल, राज नंदिनी, लोक दामिनी ने भारोत्तोलन खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले व संभाग का नाम रौशन किया है। खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा वेट लिफ्टिंग खेल को आगे बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत वेटलिफ्टिंग सेट प्रदाय किया गया है। जिसके माध्यम से खिलाड़ी विद्यालय में वेटलिफ्टिंग खेल का अभ्यास शिक्षक आलोक द्विवेदी के नेतृत्व में करते आ रहे हैं, जिससे अधिक संख्या में खिलाड़ी चयनित होकर राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल हो रहे हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता राधा एवं उमाशंकर के चयन होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, प्राचार्य कोयल सिंह सबर, विकास खंड शिक्षा अधिकारी केके वर्मा, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रामता प्रसाद मन्नाडे, कमल चक्रधारी, हिरेंद्र देवांगन, गणेश कोसरे, लालचंद जैन, अमित मार्टिन, चंद्रकांत सेन, मेघराज साहू, मनोज चंद्राकर, किशन देवांगन, रवि पटेल, देवेंद्र साहनी, चिंताराम कुर्रे, प्रियंका केरकेट्टा, विसंभर ठाकुर, मनीलाल टंडन, व्यास नारायण बंजारे, राधा चंद्राकर, जयमाला टांडेय, कामेश्वरी साहू और समस्त ग्रामवासियों ने हर्ष जताया है।

### भक्तिमय गीतों से हुआ गणेश विसर्जन



**बिरकोनी।** अछरीडीह में गणपति विसर्जन धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया। नम आंखों से श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा को विदाई दी। विसर्जन स्थल में गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों से गूंजता रहा। कोडार में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा की आरती उतारी और प्रसाद वितरण किया। श्रद्धालुओं ने बप्पा से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। महानदी कोडार के पवित्र जल में नम आंखों से विसर्जन किया गया।

### बिरकोनी के गणेश पंडालों में हुई हवन पूजा



**बिरकोनी।** बिरकोनी के अनेक गणेश पंडालों में हवन-पूजन हुआ। पंडालों में विराजे विघ्नहर्ता गणेश की हवन पूर्णाहुति सुबह से देर रात तक चलता रहा। बाद सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरण किया गया। गणेश प्रतिमाएं मनमोहक छटा बिखेर रही है। गणेश महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल।

### भंडारा



**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में गणेश उत्सव की धूम रही। हवन पूजा के बाद गौरा चौक और साहू पारा में गणेश को भोग लगाकर आम भंडारा का आयोजन किया गया। पंडित लक्ष्मीनारायण वैष्णव ने बताया कि भंडारा में भगवान का प्रसाद ग्रहण करना सुखदायक है। यह समिति द्वारा सराहनीय कार्य है। भंडारा में प्रसाद लेने वालों की भीड़ उमड़ी रही। भंडारा देर रात तक चला।। वही भक्तों ने भगवान गणेश की आराधना पूर्ण श्रद्धा एवं विधि विधान के साथ की। गणेशोत्सव का समापन सोमवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ होगा। सुबह से लेकर शाम तक भगवान गणेश की प्रतिमा विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाल कर किया जाएगा, जिसके लिए श्रद्धालु जुटे हुए है।

## दो दिवसीय विभाग स्तरीय एथलेटिक्स एवं खो-खो प्रतियोगिता की हुई शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागबाहरा में आयोजित दो दिवसीय विभाग स्तरीय एथलेटिक्स एवं खो-खो प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह हुआ। इस प्रतियोगिता में 3 जिले के 19 नगरी एवं 3 ग्रामीण विद्यालयों के कुल 401 विद्यार्थी (भैया/बहिन), 30 संरक्षण आचार्य बंधु/भगिनी और कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु 17 निर्णायक शामिल हैं।

प्रथम सत्र में खेलों का औपचारिक उद्घाटन बागबाहरा भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉली ध्रुव द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय संचालन समिति के सचिव एवं व्यवस्थापक राहुल अग्रवाल ने की। सरस्वती शिक्षा संस्थान के रायपुर एवं राजिम विभाग समन्वयक मानिकलाल साहू विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों को शपथ दिलाकर खेलों का शुभारंभ किया। दोनों दिनों में एथलेटिक्स की विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं ऊँची कूद, लंबीकूद, 100 मी, 200 मी, 400 मी दौड़, रिले रेस, तवा फेंक तथा गोला फेंक आयोजित की गईं। साथ ही खो-खो के खेल में भी मुकाबले हुए, जहां टीम वर्क और सामूहिक रणनीति का सजीव प्रदर्शन देखा गया।

प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने अनुशासन बनाए रखा तथा सभी मुकाबले नियत नियमों व न्यायाधीशों के निर्देशन में हुए। प्रतियोगिता के मंचन के लिए आए 17 निर्णायकों ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से मैचों का संचालन कर रहे है। कार्यक्रम में प्रशिक्षकों एवं संरक्षक आचार्यों ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया। आयोजकों ने प्रतिभागियों की सुविधा के लिए पानी, प्राथमिक चिकित्सा और बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की थी।

# भारत को समझना है तो ग्राम का भ्रमण करें : रूपनारायण

## गड़बेड़ा में शिक्षक दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया, छग योग आयोग अध्यक्ष हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा



समीपस्थ ग्राम गड़बेड़ा में शिक्षक दिवस एवं समाज प्रमुख भेंट-मुलाकात कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, मां भारती एवं ॐ के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रूपनारायण सिन्हा अध्यक्ष योग आयोग छत्तीसगढ़ शासन, सभाध्यक्ष सरपंच बुंदावती नायक, विशिष्ट अतिथि देवेश निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत पिथौरा, नीलकंठ साहू अध्यक्ष ग्रामीण मंडल पिथौरा, बोधीराम चौधरी खंड संघ चालक, जोगेंदर सिंह बागबाहरा, नंदकुमार साहू विभाग समरसता प्रमुख, प्रेमसागर साहू खंड कार्यवाह, मोहित यादव उपसरपंच मंचासीन रहे।

मुख्य अतिथि रूपनारायण ने कहा कि यदि भारत देश को समझना है तो ग्राम की ओर जाना पड़ेगा, शहरों में रहकर संभव नहीं है। उन्होंने सभा को देश, धर्म और समाज की सेवा करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि हमें देश को परम वैभव तक पहुंचाने के लिए कार्य करना पड़ेगा। उन्होंने देश को आजाद कराने वाले क्रांतिकारी सुभाषचंद्र बोस, शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, रामप्रसाद बिस्मिल के कार्यों का स्मरण कराया। गड़बेड़ा की विशेषताएं बताते हुए कहा कि यह ग्राम ऐतिहासिक ग्राम है, जहां पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल व्यास, मोतीलाल वोरा का बचपन बीता है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए सभी शिक्षकों को देश उत्थान में योगदान करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षा एवं योग शिक्षा पर कार्य करने वाले सभी शिक्षकों को गमछा, श्रीफल और लेखनी से अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित किया गया, जिनमें भगवान दास यादव, मोहित यादव, योग शिक्षक टीकाराम पटेल, व्याख्याता भानु प्रताप पटेल, व्याख्याता माधव लाल साहू, शिक्षक रामप्यारा मधुकर, नरेंद्र पटेल, सहदेव धृतलहरे, हरिश्चंद्र डडसेना, प्रधान पाठक डिगम लाल साहू, प्रधान पाठक रमेश कुमार पटेल, प्रधानाचार्य तेजूराम यादव, गिरजा साहू, निशा डडसेना, धरममती नायक, मीना पटेल, लक्ष्मी पटेल, आचार्या ईश्वरी साहू, कुशुमलता यादव, उमा महाजन, परमेश्वरी सिन्हा, झरना महाजन, दीक्षा पटेल, सहायक शिक्षक जितेंद्र कुमार पटेल, संतोष कुमार साहू, नेतराम पटेल, नंदकुमार साहू, प्रेमसागर साहू शामिल थे। सभी अतिथियों का सम्मान ग्राम की ओर से शाल, गमछा एवं श्रीफल भेंटकर किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रथम प्रांत प्रचारक रहे शांतराम सराफ के निधन की सूचना मिलने पर मंच से ही मौन धारण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि मनमीत सिंह छाबड़ा, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ अध्यक्ष उमेश दीक्षित, प्रीतम कुमार साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष लोकनाथ नायक, पार्षद मन्नू ठाकुर, मनोज कुमार सिन्हा, सरपंच ठाकुर दिया, सुरेंद्र सिंह खनूजा, त्रिलोक सिंह आजमानी, पूर्व सरपंच नंदलाल नायक, गोवर्धन चंदाकर, अविनाश मित्तल, हितेश प्रधान, हनी गंभीर, निर्भय नायक, शंकर चंदाकर, लालाराम नाग, रामदास मानिकपुरी, परसराम साव, हीराराम साहू, मनमोहन जैन, बजरंग महाजन, एवन वस्त्रकार, मातृशक्ति से विश्वासा मानिकपुरी, होमेश्वरी साहू, शशिला महाजन, कविता निर्मलकर, दुलेश्वरी साहू, विजया यादव, बैसाखीन साहू, गंगा ध्रुव, जमुना यादव, अंजनी निर्मलकर, हिरौंदी यादव, शीला यादव एवं ग्रामवासी अधिक संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक डिगम लाल साहू एवं टीकाराम पटेल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

## सीएम के पोस्टर पर गोबर पोतकर कांग्रेस नेता ने आदिवासी विरोधी होने का दिया प्रमाण : देवेंद्र

**महासमुंद।** भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने कवर्धा में कांग्रेस नेता तुकाराम चंद्रवंशी द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पोस्टर पर गोबर पोतने जैसे कृत्य की कड़ी निंदा की है। चंद्राकर ने कांग्रेस नेता के इस कृत्य को आदिवासियों का अपमान बताया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा द्वारा आदिवासी समाज के नेता विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाए जाने तथा मुख्यमंत्री साय द्वारा लगातार प्रदेश की जनता व प्रदेश के हित में लिए जा रहे निर्णय, उनके द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों से कांग्रेस में बौखलाहट साफ झलक रही है। कवर्धा में कांग्रेस नेता तुकाराम चंद्रवंशी द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के फोटो पर गोबर पोतने जैसे कृत्य इसका प्रमाण है। चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस शुरू से आदिवासी विरोधी रही। अब जब भाजपा ने प्रदेश में आदिवासी नेता को मुख्यमंत्री बनाया है तो, कांग्रेस के नेता उनका अपमान करने पर उतारू हो गए हैं। कांग्रेस नहीं चाहती कि आदिवासी समाज के लोग बड़े उद्योगों का संचालन करें। कांग्रेस आदिवासियों को केवल मजदूर बनाना चाहती है। कांग्रेस नेता का यह कृत्य आदिवासी विरोधी कृत्य है तथा प्रदेश के आदिवासी समाज का घोर अपमान है।



**पिथौरा।** नगर के सामाजिक कार्यकर्ता एवं दिव्यांग मित्र मंडल के संयोजक बीजू पटनायक द्वारा लिखित, नेत्रदान सबसे बड़ा दान, परिशिष्ट पुस्तिका का वितरण एक सौजन्य मुलाकात में गोपाल शर्मा अध्यक्ष व्यापारी एकता मंच को प्रदान की। इस दौरान शर्मा ने भविष्य में नेत्रदान से संबंधित प्रकाशित होने वाली प्रचार सामग्रियों के रूप में सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की।

# छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ का शिक्षक दिवस पर हुआ सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ द्वारा शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपाउपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षद पीयूष साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अभिषेक सिंह बैंक मैनेजर एसबीआई लाइफ, मैनेजर कोटक महिंद्रा बैंक उपस्थित रहे। बैंक मैनेजर द्वारा सेवानिवृत शिक्षकों के लिए उनकी राशि की सुरक्षा के लिए उपाय एवम सावधानी के बारे में बताया गया। आजकल होने वाले बैंकिंग फ्रॉड से बचने के तरीके बताए गए तथा राशि का ग्रोथ हेतु उपाय भी बताए गए।

अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों में डॉ साधना कसार, डॉ अशोक गिरि गोस्वामी तथा हितेंद्र शर्मा का शाल श्रीफल व प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मान किया गया। पश्चात राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों में मधु शर्मा, प्रभा पंडा, टेकराम सेन एवम सुनील नायक का सम्मान किया गया। नए सदस्य के रूप में अतिथियों द्वारा शिक्षकों का सम्मान पत्र एवं सदस्यता प्रमाण पत्र एवम कलम प्रदान कर सम्मान किया गया। जिसमे गोविंद प्रसाद सोनी शिक्षा विभाग, खुमान सिंह साहू कृषि विभाग, झाड़ू राम दीवान शिक्षा विभाग, शंकर लाल अग्रवाल शिक्षा विभाग, रुखमणि साहू महिला स्वास्थ्य विभाग, देव चरण साहू सिचाई विभाग, कुलेश्वरी चंद्राकर शिक्षा विभाग, मनोज शर्मा उच्च शिक्षा विभाग का भी सम्मान किया गया।



तत्पश्चात छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के उपस्थित कर्मचारियों का भी सम्मान किया गया। जिनमें केआर चंद्राकर, हरक राम चंद्राकर, केके हनुमंता, रघुनाथ सिन्हा, राजेंद्र इंगोले, बैसाखू राम देवांगन, मनराखन लाल ध्रुव, राम नारायण चंद्राकर, बसंत चंद्राकर, कुंती देवांगन, विजयलक्ष्मी चंद्राकर, बोध राम साहू, के के श्रीवास्तव, सुरेंद्र अग्निहोत्री, हेमलाल पटेल, चमन लाल चंद्राकर, श्याम रतन देवांगन, नरेंद्र महोबिया, रामकुमार साहू, सालिक राम चंद्राकर आदि का सम्मान श्रीफल, कलम, अभिनंदन पत्र से सम्मानित किया गया। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के जन्मदिन का निमंत्रण पत्र सभी सदस्यों को प्रदान किया गया। माह सितंबर में जन्मदिन वाले रूपलाल ध्रुव, रिखि राम दीवान तथा आरके वर्मा का जन्मदिन भी मनाया गया। उन्हें अंग वस्त्र श्रीफल कलम एवं अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके शिक्षक भागवत साहू का विशेष रूप से फल कलम अभिनंदन पत्र के साथ सम्मान किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि राठी ने कहा कि शिक्षकों के सामने ज्यादा कुछ बोलना सूर्य के सामने दीपक दिखाने के समान है। शिक्षक व सड़क दोनों लोगों को अपनी मंजिल तक पहुंचाते हैं। शिक्षक राष्ट्र का निर्माता होता है। महेंद्र सिक्का, टेक राम सेन, मनोज शर्मा, गोविंद सोनी एवं सुरेंद्र अग्निहोत्री ने भी अपने विचार रखें। डॉ अशोक गिरि गोस्वामी अध्यक्ष पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा महासमुंद ने बताया कि शिक्षक समाज का गौरव होता है। सम्मान समारोह में क्षेत्र के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा सभी सेवानिवृत शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए अभिनंदन पत्र कलम भेंट किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का अंग वस्त्र, श्रीफल, कलम भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विगत दिनों दिवंगत पेंशनर मनहरण लाल साहू को 2 मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ अशोक गिरि गोस्वामी एवं रघुनाथ सिन्हा एवं आभार प्रदर्शन केआर चंद्राकर ने किया।

